(ग) थल सेनाध्यक्ष के पत्र पर सरकार क्या कार्रवाई कर रही हैं?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एन.वी.एन. सोमू) : (क) जी, नहीं।

(ख) रक्षा सेनाओं के लिए पांचवे वेतन आयोग के घटक को छोड़कर 1997-98 के बजट अनुमानों में 32,000 करोड़ रूपए का आबंटन किया गया हैं। इसके अतिरिक्त, वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में यह आश्वासन दिया हैं कि रक्षा संबंधी किसी भी अतिरिक्त पूर्जीगत आवश्यकता के लिए वर्ष के दौरान पर्याप्त प्रावधान किया जाएगा।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

रक्षा कर्मियों की शिकायतों के लिए अधिकरण

46. **श्री गोपाल सिंह जी. सोलंकी** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्ष के दौरान सेवारत और सेवानिवृत रक्षा कर्मियों ने उच्च न्यायालय में कितनी याचिकायें दायर की हैं और उनमें से कितनी याचिकायें लम्बित हैं

(ख) क्या केंद्र सरकार का विचार उन रक्षा कर्मियों की शिकायतें के समाधान हेतु एक न्यायाधिकरण की स्थापना करने का हैं जो सेवा नियम और संस्थानिक तथा हाउस रेमेडी सिस्टम के अन्तर्गत दायर किये गये निर्णय से संतुष्ट नहीं हैं, और

(ग) यदि हां, तो यह न्यायाधिकरण कब तक गठित किया जाएगा?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एन.वी.एन. सोमू) : (क) सेवारत तथा सेवानिवृत्त रक्षा कर्मिको द्वारा पिछले पांच वर्षों के दौरान उच्च न्यायालयों में दायर की गई और लंबित पड़ी याचिकाओं का ब्यौरा इस प्रकार हैंः--

वर्ष	सेवारत तथा सेवानिवृत रक्षा कार्मिको द्वारा उच्च न्यायालयों में दायर की गई याचिकाओं की संख्या	उच्च न्यायालयों में लंबित पड़ी याचिकाओं की संख्या
1992	727	213
1993	763	448
1994	1096	550
1995	1090	434
1996	1304	537

(ख) और (ग) सरकार ने सशस्त्र सेना कार्मिको के लिए एक सशस्त्र सेना प्रशासनिक तथा कोर्ट मार्शल अधिकरण बनाया जाना सिंद्वात रूप में अनुमोदित कर दिया हैं। सरकार द्वारा अधिकरण स्थापित करने के लिए कोई समयवधि निश्चित नहीं की गई हैं।

Defence production projects in Maharashtra

47. SHRI GOVINDRAO ADIK: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether Government have finalised a new policy for defence production in terms of emerging threat and technology advancement in the international scenario;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether a review of on-going defence production project has recently been undertaken and details thereof, particularly in respect of projects in Maharashtra;

(d) the details of the project&proposals pending considers tion/clearance by Union authorities and reasons for delay; and

(e) the details of fund allocation for defence production projects in Maharashtra during the current year for upgradation / modernisation / expansion / diversification etc. project-wise?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI N.V.N. SOMU): (a) to (e) The content of Defence Production is sought to be concurrently related to emerging threats and dictates of technology. This is